## रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

### सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 07/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **11 मई 2025 को ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी (BrahMos Aerospace Integration and Testing Facility) का उद्घाटन कहाँ किया गया?**

**Ans**
- ✗ 1. बेंगलुरु, कर्नाटक
- ✗ 2. पुणे, महाराष्ट्र
- ✗ 3. हैदराबाद, तेलंगाना
- ✓ 4. लखनऊ, उत्तर प्रदेश

**Q.2** **भारतीय वायु सेना (IAF) ने 21 अप्रैल से 8 मई 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अल धफरा (Al Dhafra) एयर बेस पर निम्नलिखित में से किस बहुराष्ट्रीय वायु युद्ध अभ्यास में भाग लिया?**

**Ans**
- ✗ 1. ब्लू फ्लैग-5 (Blue Flag-5)
- ✗ 2. आयरन फिस्ट (Iron Fist)
- ✓ 3. डेजर्ट फ्लैग-10 (Desert Flag-10)
- ✗ 4. रेड फ्लैग (Red Flag)

**Q.3** **अगुआड़ा किला, जो पुर्तगाली वास्तुकला और अभियांत्रिकी को दर्शाने वाला एक स्मारक है, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

**Ans**
- ✗ 1. तमिलनाडु
- ✗ 2. गुजरात
- ✓ 3. गोवा
- ✗ 4. महाराष्ट्र

**Q.4** **संस्पर्श प्रक्रम का उपयोग निम्नलिखित में से किस रसायन के निर्माण के लिए किया जाता है?**

**Ans**
- ✓ 1. सल्फ्यूरिक अम्ल
- ✗ 2. अमोनिया
- ✗ 3. नाइट्रिक अम्ल
- ✗ 4. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

**Q.5** **'हार्ट लैंप (Heart Lamp)' पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद किसने किया, जिससे यह 2025 का अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ कृति बन गई?**

**Ans**
- ✗ 1. मीना कंदासामी
- ✗ 2. अर्शिया सत्तार
- ✓ 3. दीपा भास्थी

Q.6 भारतीय फिल्म 'तन्वी: द ग्रेट' के निर्देशक कौन हैं, जिसका विश्व प्रीमियर 2025 में 78वें कान्स फिल्म महोत्सव के दौरान कान्स फिल्म मार्केट में हुआ था?

Ans
- ✔ 1. अनुपम खेर
- ✘ 2. किरण राव
- ✘ 3. शबाना आजमी
- ✘ 4. नसीरुद्दीन शाह

Q.7 भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत कौन-से विषय (subjects) भारतीय मंत्रियों को हस्तांतरित किए गए?

Ans
- ✔ 1. शिक्षा और स्वास्थ्य
- ✘ 2. पुलिस और राजस्व
- ✘ 3. रक्षा और रेलवे
- ✘ 4. न्यायपालिका और विदेशी मामले

Q.8 1761 में पानीपत का तीसरा युद्ध अहमद शाह अब्दाली और किस भारतीय शक्ति के मध्य लड़ा गया था?

Ans
- ✔ 1. मराठा
- ✘ 2. राजपूत
- ✘ 3. मुगल
- ✘ 4. अंग्रेज

Q.9 HDI में सभ्य जीवन स्तर को मापने के लिए क्या उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✘ 1. जनसंख्या घनत्व
- ✘ 2. मासिक वेतन
- ✘ 3. विलासिता वस्तुओं की उपलब्धता
- ✔ 4. PPP US डॉलर में प्रति व्यक्ति GDP

Q.10 नीति आयोग के SDG इंडिया इंडेक्स 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का मानव विकास सूचकांक (HDI) मान सर्वाधिक था?

Ans
- ✘ 1. महाराष्ट्र
- ✘ 2. तमिलनाडु
- ✔ 3. केरल
- ✘ 4. गुजरात

Q.11 निम्नलिखित में से किसे, 1913 में रिलीज़ हुई पहली फुल-लेंथ वाली भारतीय फीचर फिल्म माना जाता है?

Ans
- ✘ 1. कीचक वधम
- ✘ 2. आलम आरा
- ✔ 3. राजा हरिश्चंद्र
- ✘ 4. संत तुकाराम

Q.12 2-3 अप्रैल को UNECE क्षेत्र के लिए सतत विकास पर 2025 क्षेत्रीय फोरम (RFSD) कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✘ 1. ब्रुसेल्स (Brussels)
- ✘ 2. वियना (Vienna)
- ✔ 3. जिनेवा (Geneva)
- ✘ 4. ओस्लो (Oslo)

Q.13 संविधान की कौन-सी अनुसूची, अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातियों के प्रशासन से संबंधित है?

Ans
- ✘ 1. ग्यारहवीं अनुसूची
- ✘ 2. छठी अनुसूची

Q.14 निम्नलिखित में से किस शहर की उपनगरीय ट्रेनों में अप्रैल 2025 में, कवच 5.0 लॉन्च किया गया जिससे अधिक ट्रेनें सुरक्षित और कुशलतापूर्वक चल सकें?

Ans
- ✗ 1. नई दिल्ली
- ✗ 2. चेन्नई
- ✓ 3. मुंबई
- ✗ 4. लखनऊ

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में स्थापित पहला बायोस्फीयर रिजर्व है?

Ans
- ✓ 1. नीलगिरी
- ✗ 2. मन्नार की खाड़ी
- ✗ 3. नंदा देवी
- ✗ 4. सुंदरबन

Q.16 स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की निम्नलिखित में से कौन-सी मुख्य कमी थी?

Ans
- ✓ 1. उच्च बेरोजगारी और निर्धनता
- ✗ 2. खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता
- ✗ 3. प्रबल अवसंरचना
- ✗ 4. उच्च औद्योगिक उत्पादन

Q.17 नीति आयोग द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक, कई अभावों पर विचार करके आय से परे गरीबी को मापता है। निम्नलिखित में से कौन-सा आयाम भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) में शामिल नहीं है?

Ans
- ✗ 1. शिक्षा
- ✗ 2. स्वास्थ्य
- ✗ 3. जीवन स्तर
- ✓ 4. रोजगार

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, नदी के किनारों पर गोखुर झीलों के निर्माण को सर्वोत्तम रूप से समझाता है?

Ans
- ✗ 1. प्रवाह को बाधित करने वाला विवर्तनिक उत्थान
- ✗ 2. विवर्तनिक गतिविधि द्वारा नदीतल का आकस्मिक उत्थान
- ✓ 3. बाह्य किनारों पर पार्श्व अपरदन और आंतरिक किनारों पर निक्षेपण
- ✗ 4. हिमनदों के पीछे हटने से अवसाद बनते हैं

Q.19 पंबन बंदरगाह (Pamban Port) भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. कर्नाटक
- ✗ 2. महाराष्ट्र
- ✓ 3. तमिलनाडु
- ✗ 4. केरल

Q.20 किस भारतीय लेखक/लेखिका को लघु कहानी संग्रह 'हार्ट लैंप (Heart Lamp)' के लिए 2025 का अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार दिया गया?

Ans
- ✓ 1. बानो मुश्ताक (Banu Mushtaq)
- ✗ 2. दीपा भस्थी (Deepa Bhasthi)
- ✗ 3. प्रतिभा शतपथी (Pratibha Satpathy)
- ✗ 4. जीत थायिल (Jeet Thayil)

Q.21 किस भारतीय स्टार्टअप ने अप्रैल 2025 में, बिना उन्नत चिपों के AI चलाने वाले सिस्टम को अनावृत किया है?

Ans
- ✗ 1. क्लोज़लूप टेक्नोलॉजी (Closeloop Technology)
- ✓ 2. ज़ीरोह लैब्स (Ziroh Labs)
- ✗ 3. भारतपे (BharatPe)
- ✗ 4. एका सॉफ्टवेयर (Eka Software)

Q.22 अधिकांश सॉफ्टवेयर एप्लीकेशनों में शॉर्टकट कुंजी (key) Ctrl + S क्या करती है?

Ans
- ✗ 1. डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट की खोज करती है
- ✗ 2. एक नया पेज स्टार्ट करती है
- ✗ 3. समस्त कंटेंट को सिलेक्ट करती है
- ✓ 4. वर्तमान डॉक्यूमेंट सेव करती है

Q.23 निम्नलिखित में से किस आंदोलन को 'उलगुलान' या 'ग्रेट ट्यूमुल्ट' आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है?

Ans
- ✗ 1. कोल विद्रोह
- ✗ 2. चुआर विद्रोह
- ✗ 3. संथाल विद्रोह
- ✓ 4. मुंडा विद्रोह

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, माउंट एवरेस्ट परमिट को केवल उन व्यक्तियों तक सीमित करेगा जो पहले 7000 m की चढ़ाई कर चुके हैं?

Ans
- ✗ 1. मंगोलिया
- ✗ 2. जापान
- ✗ 3. अमेरिका
- ✓ 4. नेपाल

Q.25 जब एक आवेशित कण चुंबकीय क्षेत्र में गति करता है तो निम्नलिखित में से कौन-सी राशि अपरिवर्तित रहती है?

Ans
- ✗ 1. वेग की दिशा
- ✓ 2. गतिज ऊर्जा
- ✗ 3. संवेग की दिशा
- ✗ 4. कोणीय संवेग

Q.26 किस नीतिगत पहल का उद्देश्य सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) को डिजिटल बनाना है?

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रीय डिजिटल कृषि मिशन
- ✓ 2. PACS डिजिटलीकरण परियोजना
- ✗ 3. Co-op नेट
- ✗ 4. e-किसान पोर्टल

Q.27 2024 में भारतीय सेना में शामिल की जाने वाली DRDO द्वारा विकसित किस प्रणाली ने, 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans
- ✗ 1. बराक-8
- ✗ 2. QRSAM
- ✓ 3. आकाशतीर
- ✗ 4. आकाश

Q.28 भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?

Ans
- ✓ 1. सुकुमार सेन
- ✗ 2. एचके कृपलानी

**Q.29** कौन-सी पद्धति उदारवादियों के दृष्टिकोण को सर्वोत्तम रूप से चित्रित करती है?

Ans
- ✔ 1. याचिका और प्रार्थना (Petition and prayer)
- ✘ 2. गुरिल्ला युद्ध (Guerrilla warfare)
- ✘ 3. सशस्त्र क्रांति (Armed revolution)
- ✘ 4. सांस्कृतिक पुनर्जागरण (Cultural renaissance)

**Q.30** सातवीं अनुसूची की किस सूची में केन्द्र सरकार को कानून बनाने की विशेष शक्ति प्राप्त है?

Ans
- ✘ 1. अवशिष्ट सूची
- ✘ 2. समवर्ती सूची
- ✔ 3. संघ सूची
- ✘ 4. राज्य सूची

**Q.31** पृथ्वी के आंतरिक भाग की परतदार संरचना का समर्थन करने वाला साक्ष्य कौन-सा है?

Ans
- ✘ 1. ज्वालामुखीय उद्गार
- ✘ 2. जीवाश्म अभिलेख
- ✘ 3. चुंबकीय ध्रुव
- ✔ 4. भूकंपी तरंग व्यवहार

**Q.32** शॉर्टकट लिंक और डेस्कटॉप विज़ुअल लेआउट के प्रबंधन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा, उत्तरदायी है?

Ans
- ✘ 1. कमांड प्रॉम्प्ट (Command Prompt)
- ✘ 2. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)
- ✔ 3. विंडोज शेल (Windows Shell)
- ✘ 4. टास्क शेड्यूलर (Task Scheduler)

**Q.33** मार्च 2025 में, रक्षा मंत्रालय ने 155 mm/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS) की खरीद के लिए किन दो कंपनियों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✘ 1. लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड और MTAR टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
- ✘ 2. महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड और कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स लिमिटेड
- ✔ 3. भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड
- ✘ 4. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

**Q.34** भारत ने अपने बिजली (power) अवसंरचना को बढ़ाने और ____________ तक 458 GW की अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए ₹9.15 लाख करोड़ (US$ 109.50 बिलियन) की एक व्यापक योजना को अनावृत किया गया है।

Ans
- ✘ 1. 2030
- ✘ 2. 2034
- ✘ 3. 2036
- ✔ 4. 2032

**Q.35** भारत ने किस पड़ोसी देश पर 2025 की शुरुआत में जम्मू और कश्मीर में सीमा पार से घुसपैठ के प्रयासों का समर्थन करने का आरोप लगाया?

Ans
- ✘ 1. श्रीलंका
- ✘ 2. नेपाल
- ✘ 3. बांग्लादेश
- ✔ 4. पाकिस्तान

Q.36 निम्नलिखित में से किस मुगल शासक के शासनकाल में सुन्नी और शिया एक मस्जिद में तथा ईसाई और यहूदी एक चर्च में प्रार्थना करने के लिए मिलते थे, इस प्रकार 'सार्वभौमिक शांति' (सुलह-ए-कुल) के सिद्धांत का पालन किया जाता था?

Ans
✗ 1. हुमायूँ
✗ 2. बाबर
✗ 3. जहाँगीर
✓ 4. अकबर

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द, विशेष रूप से दक्षिणी भारत में तापमान में अचानक वृद्धि के साथ होने वाली पूर्व-मानसूनी वर्षा को संदर्भित करता है?

Ans
✓ 1. आम्र-वर्षा (Mango showers)
✗ 2. नॉरवेस्टर (Nor'wester)
✗ 3. मानसून में विराम (Break in monsoon)
✗ 4. लू (Loo)

Q.38 निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में जागर नृत्य शैली की उत्पत्ति हुई?

Ans
✓ 1. उत्तराखंड
✗ 2. जम्मू और कश्मीर
✗ 3. हिमाचल प्रदेश
✗ 4. बिहार

Q.39 2025 में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में कंपनियों की सहायता के लिए कौन-सा नया विद्युत व्यापार टूल प्रस्तावित किया है?

Ans
✗ 1. नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (Renewable Energy Certificates- RECs)
✓ 2. वर्चुअल पावर परचेज एग्रीमेंट्स (Virtual Power Purchase Agreements- VPPAs)
✗ 3. ग्रीन एनर्जी टैरिफ (Green Energy Tariffs)
✗ 4. टाइम-ऑफ-डे नेट मीटरिंग (Time-of-Day Net Metering)

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा रोग प्रोटोजोआ के कारण होता है?

Ans
✓ 1. मलेरिया
✗ 2. पोलियो
✗ 3. टाइफाइड
✗ 4. चिकन पॉक्स

## Section : **Mathematics**

Q.1 किसी व्यक्ति को एक रुपये में 6 रबर-बैंड बेचने पर 40% की हानि होती है। 20% लाभ अर्जित करने के लिए उसे एक रुपये में कितने रबर-बैंड बेचने होंगे?

Ans
✓ 1. 3
✗ 2. 2
✗ 3. 5
✗ 4. 4

Q.2 303 और 311 के बीच स्थिति अभाज्य संख्याओं की संख्या, इन दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 2
✗ 2. 7
✗ 3. 3
✗ 4. 5

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 24 से विभाज्य है? | |
| Ans | ✔ 1. 6830904 | |
| | ✘ 2. 7340390 | |
| | ✘ 3. 7132978 | |
| | ✘ 4. 7991987 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | राम एक दुकान पर गया और देखा कि एक पंखे का अंकित मूल्य ₹3,600 है। यदि फुटकर विक्रेता ने पंखा ₹2,800 में खरीदा, तो व्यापार छूट (दशमलव के ठीक एक स्थान तक) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ 1. 20% | |
| | ✘ 2. 24.6% | |
| | ✔ 3. 22.2% | |
| | ✘ 4. 19.8% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | पाइप A किसी टैंक को 16 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 25 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा? | |
| Ans | ✔ 1. $5\frac{85}{223}$ घंटे | |
| | ✘ 2. $9\frac{85}{223}$ घंटे | |
| | ✘ 3. $3\frac{85}{223}$ घंटे | |
| | ✘ 4. $1\frac{85}{223}$ घंटे | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | एक लंब वृत्तीय बेलन का आयतन $8624\ \text{cm}^3$ है। यदि बेलन की त्रिज्या और ऊंचाई बराबर है तो बेलन की ऊंचाई ज्ञात करें। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें) | |
| Ans | ✘ 1. 15 cm | |
| | ✘ 2. 13 cm | |
| | ✔ 3. 14 cm | |
| | ✘ 4. 12 cm | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | ईशान और मेघना को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। ईशान 77 km/hr की चाल से गाड़ी चला रहा है जबकि मेघना 33 km/hr की चाल से गाड़ी चला रही है। यदि ईशान को कानपुर पहुँचने में 12 घंटे लगते हैं, तो मेघना को कानपुर पहुँचने में कितना समय लगेगा? | |
| Ans | ✔ 1. 28 घंटे | |
| | ✘ 2. 29 घंटे | |
| | ✘ 3. 34 घंटे | |
| | ✘ 4. 33 घंटे | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | 182 km की दूरी तय करने में, सलज को केविन से 4 घंटे अधिक लगते हैं। यदि सलज अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे केविन से 9 घंटे कम लगते हैं। सलज की चाल ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✔ 1. 7 km/hr | |
| | ✘ 2. 11 km/hr | |
| | ✘ 3. 13 km/hr | |
| | ✘ 4. 3 km/hr | |

**Q.9** पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा, जिनका वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 73 kg और 38 kg है?

**Ans**
✔ 1. 51.2
✘ 2. 50.2
✘ 3. 52.2
✘ 4. 53.2

**Q.10** ₹4,000 की धनराशि पर 7.5% वार्षिक दर से 7 फरवरी 2024 से 8 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 50
✘ 2. 48
✘ 3. 51
✘ 4. 49

**Q.11** संख्याओं 2.7 और 0.096 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 21.6
✘ 2. 0.216
✘ 3. 2.16
✘ 4. 216

**Q.12** दिया गया है कि $149^{0.59} = x$, $149^{0.94} = y$ और $x^z = y^6$ है, तो z का मान __________के निकटतम होगा।

**Ans**
✘ 1. 7.39
✘ 2. 9.29
✘ 3. 11.02
✔ 4. 9.56

**Q.13** X, Y और Z ने क्रमशः 86 : 60 : 24 के अनुपात में धनराशि निवेश की। यदि वर्ष के अंत में उन्हें कुल ₹4,590 का लाभ अर्जित हुआ, तो Y और Z के हिस्सों के बीच अंतर कितना है?

**Ans**
✔ 1. ₹972
✘ 2. ₹994
✘ 3. ₹1,065
✘ 4. ₹864

**Q.14** अनुभव और गौरव एक व्यवसाय शुरू करते हैं। अनुभव, 2 महीने के लिए गौरव से ₹55,000 अधिक निवेश करता है और गौरव, 5 महीने के लिए निवेश करता है। ₹7,155 के कुल लाभ में से अनुभव का हिस्सा, गौरव के हिस्से से ₹1,431 अधिक है। अनुभव द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. ₹75,000
✘ 2. ₹70,000
✘ 3. ₹80,000
✘ 4. ₹90,000

**Q.15** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 80% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और 5% मत अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों का 75% प्राप्त हुआ तथा उसने 1805 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

**Ans**
✘ 1. 4749
✘ 2. 4748
✘ 3. 4751
✔ 4. 4750

| | |
|---|---|
| Q.16 | $83^{-6} \div 83^{16} \times 83^{-8}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $83^{-40}$ |
| | ✓ 2. $83^{-30}$ |
| | ✗ 3. $83^{-20}$ |
| | ✗ 4. $83^{-26}$ |

| | |
|---|---|
| Q.17 | यदि $\sin\theta = \frac{1}{2}$ है, तो $13 \times \operatorname{cosec}^2\theta - 3 \times \cot^2\theta - 15$ का मान कितना होगा? |
| Ans | ✗ 1. 26 |
| | ✗ 2. 68 |
| | ✗ 3. 56 |
| | ✓ 4. 28 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | नमन और उमर किसी निश्चित कार्य को क्रमशः 13 और 4 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया और 2 दिन बाद, उमर ने कार्य छोड़ दिया। नमन शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा? |
| Ans | ✓ 1. 4.5 |
| | ✗ 2. 5 |
| | ✗ 3. 6.5 |
| | ✗ 4. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.19 | एक समबहुभुज के एक बाह्य कोण और एक आंतरिक कोण का अनुपात 1 : 8 है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 12 |
| | ✗ 2. 24 |
| | ✗ 3. 6 |
| | ✓ 4. 18 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने पर 2780 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 4170 |
| | ✗ 2. 2780 |
| | ✗ 3. 695 |
| | ✓ 4. 1390 |

| | |
|---|---|
| Q.21 | 22 cm व्यास वाले एक गोले का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए, तथा अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक सही दीजिए।<br>$\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. 5577.52 |
| | ✗ 2. 5567.52 |
| | ✗ 3. 5597.52 |
| | ✗ 4. 5587.52 |

| | |
|---|---|
| Q.22 | ₹1,200 की राशि पर 3% प्रति माह की ब्याज दर से 12 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. ₹36 |
| | ✗ 2. ₹56 |
| | ✗ 3. ₹72 |
| | ✓ 4. ₹432 |

Q.23 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$2\left(\left(\frac{4}{2}\right)x^2 - 21x + 15\right) - 4(x^2 + 5x - 15)$$

Ans
✔ 1. −62x + 90
✘ 2. −62x − 90
✘ 3. 62x − 90
✘ 4. 62x + 90

Q.24 प्रथम 151 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 153
✘ 2. 151.5
✔ 3. 152
✘ 4. 152.5

Q.25 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 210 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

Ans
✘ 1. 34
✘ 2. 7
✔ 3. 15
✘ 4. 21

Q.26 यदि माता की आयु का 3 गुना, उसकी पुत्री की आयु के 5 गुने से 26 वर्ष अधिक है, और पुत्री की आयु का 2 गुना, माता की आयु से 2 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु के बीच कितना अंतर (वर्ष में) है?

Ans
✘ 1. 20
✔ 2. 22
✘ 3. 25
✘ 4. 23

Q.27 25 और 16 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 22
✘ 2. 17
✘ 3. 18
✔ 4. 20

Q.28 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 2 और 492 है। यदि इनमें से एक संख्या 82 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 12
✘ 2. 93
✘ 3. 31
✘ 4. 102

Q.29 किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{2}{5}$ पर बेचने पर, मानव को 24% की हानि होती है। यदि वह इस वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 88% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 67.3%
✔ 2. 67.2%
✘ 3. 69.4%
✘ 4. 67.9%

Q.30 एक उत्पाद को 15% छूट के बाद ₹3,400 में बेचा गया। मूल अंकित मूल्य कितना था?

Ans
1. ₹3,800
2. ₹3,900
3. ₹4,000 ✔
4. ₹4,100

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**QMS NJP KGM HDJ ?**

Ans
1. GEI
2. FEI
3. EAG ✔
4. IAG

Q.2 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'OPEN' को '4627' और 'EARS' को '1375' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 5
2. 7 ✔
3. 6
4. 1

Q.3 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**499 500 502 505 509 ?**

Ans
1. 516
2. 514 ✔
3. 513
4. 515

Q.4 यदि संख्या 3659247 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी सम अंकों का योग कितना होगा?

Ans
1. 18 ✔
2. 14
3. 12
4. 16

Q.5 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. EGB ✔
2. HJF
3. NPL
4. KMI

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. RWS
2. MRO ✔

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं?<br><br>कथन:<br>सभी डिटर्जेंट, तौलिए हैं।<br>सभी डिटर्जेंट, कंडीशनर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ तौलिए, कंडीशनर हैं।<br>(II) सभी कंडीशनर, डिटर्जेंट हैं। | |
| Ans | ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।<br>✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।<br>✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✓ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MOLK का संबंध एक निश्चित तरीके से RTQP से है। उसी प्रकार, GIFE का संबंध LNKJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VXUT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? | |
| Ans | ✗ 1. ACYZ<br>✓ 2. ACZY<br>✗ 3. AYZC<br>✗ 4. AYZS | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे व्यक्तियों की एक पंक्ति में, चेरी दाएं छोर से 25वें स्थान पर है। दिनेश दाएं छोर से 28वें स्थान पर है। दिनेश ठीक चेरी और लीना के बीच में है। यदि लीना पंक्ति के बाएं छोर से 11वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✗ 1. 39<br>✗ 2. 40<br>✓ 3. 41<br>✗ 4. 42 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | सात बक्से U, V, W, X, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।<br>W के ऊपर केवल X को रखा गया है। W और G के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। F के नीचे केवल U को रखा गया है। V को G के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E और U के बीच कितने बक्से रखे गए हैं? | |
| Ans | ✗ 1. तीन<br>✓ 2. दो<br>✗ 3. एक<br>✗ 4. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'KNOW' को '8901' के रूप में और 'KNOT' को '9028' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'W' के लिए कूट क्या है? | |
| Ans | ✗ 1. 8<br>✗ 2. 9<br>✓ 3. 1<br>✗ 4. 0 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | यदि संख्या 7364592 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के बाएं से पहले और दाएं से पहले अंकों का योग क्या होगा? | |
| Ans | ✓ 1. 10<br>✗ 2. 8<br>✗ 3. 12 | |

**Q.13** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से KGDL का संबंध IEBJ से है। उसी तरीके से, NJGO का सबंध LHEM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से QMJR का संबंध किससे है?

**Ans**
1. OKPH
2. KOPH
3. OKHP ✔
4. KOHP

**Q.14** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 6 $ $ 7 © £ $ 1 * 5 4 3 3 $ 6 @ # # # 8 % (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
1. 2 ✔
2. 3
3. 1
4. 4

**Q.15** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ पेंगुइन, शार्क हैं। कुछ शार्क, डॉल्फ़िन हैं।

निष्कर्ष (I): कोई शार्क, पेंगुइन नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ पेंगुइन, डॉल्फ़िन हैं।

**Ans**
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Q.16** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

24, 16
48, 32

**Ans**
1. 60, 20
2. 84, 56 ✔
3. 72, 36
4. 96, 62

**Q.17** S, R की माता है। R, P का भाई है। P, I की पत्नी है। I, O का पिता है। S का O से क्या संबंध है?

**Ans**
1. माता की माता ✔
2. माता का भाई
3. माता के पिता
4. माता की बहन

**Q.18** कार्तिक अपनी कक्षा में शीर्ष से 19वें और नीचे से 27वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 45 ✔
2. 44 ✘
3. 47 ✘
4. 46 ✘

**Q.19** यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 − 3 × 88 + 8 ÷ 10 = ?

Ans
1. 38 ✘
2. 32 ✔
3. 16 ✘
4. 23 ✘

**Q.20** H, I, J, K, U, V और W एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के दाईं ओर से गिनती करने पर U और V के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। U, W के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K, H के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V और W दोनों का निकटतम पड़ोसी I है। J के दाईं ओर से गिनती करने पर J और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन ✘
2. चार ✘
3. एक ✘
4. दो ✔

**Q.21** दीप्ति बिंदु A से चलना शुरू करती है और पश्चिम की ओर 5 km चलती है। वह बाएं मुड़ती है और 2 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 3 km चलती है। फिर वह अंतिम दाएं मुड़ती है और 2 km चलती है और बिंदु B पर पहुँचती है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (निकटतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km पश्चिम की ओर ✘
2. 5 km पूर्व की ओर ✘
3. 8 km पूर्व की ओर ✔
4. 2 km पूर्व की ओर ✘

**Q.22** संख्या 8357416 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से दूसरे अंक और दाएँ से दूसरे अंक का योग कितना होगा?

Ans
1. 12 ✘
2. 9 ✘
3. 10 ✔
4. 11 ✘

**Q.23** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) # 1 * £ 5 6 4 + 7 $ 8 2 @ % & 3 Ω 9 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक अन्य संख्या है?

Ans
1. 4 ✘
2. 1 ✘
3. 3 ✔
4. 2 ✘

Q.24 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

VPM 153, QUJ 145, LZG 137, GED 129, BJA 121, ?

Ans
✔ 1. WOX 113
✘ 2. UPY 115
✘ 3. VOY 115
✘ 4. XNW 113

Q.25 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

178 142 117 101 92 ?

Ans
✘ 1. 81
✔ 2. 88
✘ 3. 63
✘ 4. 75

Q.26 वीर, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 34 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 20 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 40 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 20 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 4 km, पूर्व की ओर
✘ 2. 8 km, पश्चिम की ओर
✔ 3. 6 km, उत्तर की ओर
✘ 4. 7 km, दक्षिण की ओर

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से XSLE का संबंध CWQI से है। उसी तरीके से, RIFU का संबंध WMKY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से GUUG का संबंध किससे है?

Ans
✔ 1. LYZK
✘ 2. LZXS
✘ 3. LYXZ
✘ 4. LZXD

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

260, 310, 460, 710, 1060, ?

Ans
✘ 1. 1410
✘ 2. 1460
✔ 3. 1510
✘ 4. 1560

Q.29 A, B, C, D, J, K और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
C के दाईं ओर से गिनने पर C और J के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। C, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। J और B दोनों का निकटतम पड़ोसी L है।
K के दाईं ओर से गिनने पर K और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. एक
✘ 3. तीन
✘ 4. चार

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. FC-HD
✗ 2. NK-PL
✓ 3. JG-LI
✗ 4. RO-TP